भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 02 | अंक - 40 | बिजौलिया - सोमवार,21 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

13 वोट का खेल, 12-11 में फंसी चेयरपर्सन की कुर्सी, बिजौलिया में आज खुलेगा पहले नगरपालिका बोर्ड का पत्ता

एक-एक मत पर टिकी निगाहें, क्रॉस वोटिंग का खतरा

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

कपिल श्याम विजय । नगर पालिका बनने के बाद बिजौलिया के पहले नगरपालिका बोर्ड के गठन की निर्णायक घड़ी आज आएगी। 25 वार्डों में हुए पार्षद चुनाव के बाद भाजपा के 12, कांग्रेस के 11 और 2 निर्दलीय पार्षद निर्वाचित हुए हैं। ऐसे में किसी भी दल के पास बहुमत नहीं है। बहुमत के लिए 13 पार्षदों का समर्थन जरूरी है, जिससे भाजपा बहुमत से महज एक कदम दूर है, जबकि कांग्रेस को दो मतों की जरूरत है। दोनों निर्दलीय पार्षद अब अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्णायक भूमिका में नजर आ रहे हैं। इसी को लेकर दोनों प्रमुख दलों में जोड़-तोड़ और रणनीतिक गतिविधियां तेज हैं।

सीधा मुकाबला, लेकिन नजरें दो निर्दलीयों पर

नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने स्नेहा तिवाड़ी को प्रत्याशी बनाया है, जबकि कांग्रेस की ओर से भूमिका सुवालका मैदान में हैं। अध्यक्ष पद पर दोनों के बीच सीधा मुकाबला है, लेकिन चुनाव की असली तस्वीर 25 सदस्यीय सदन में मौजूद दो निर्दलीय पार्षदों के रुख से तय होने की संभावना है। दोनों दल अपने-अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के प्रयासों में लगे हैं।

भाजपा को एक, कांग्रेस को दो वोटों की दरकार

नगरपालिका के गणित में भाजपा के 12 पार्षद हैं। बहुमत का आंकड़ा 13 होने के कारण भाजपा को अपनी सरकार बनाने के लिए एक अतिरिक्त मत की आवश्यकता है। वहीं कांग्रेस के 11 पार्षद हैं और उसे बहुमत तक पहुंचने के लिए दो मत जुटाने होंगे। यही अंतर अध्यक्ष पद के चुनाव को बेहद दिलचस्प बना रहा है।

दोनों निर्दलीय पार्षदों का समर्थन जिस तरफ जाएगा, उस खेमे का पलड़ा बहुमत के आंकड़े तक पहुंच सकता है। ऐसे में निर्दलीय पार्षदों की भूमिका इस चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

क्रॉस वोटिंग की आशंका से दोनों दल सतर्क

समीकरण बेहद नजदीकी होने के कारण भाजपा और कांग्रेस दोनों ही अपने पार्षदों को एकजुट रखने को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं। मतदान से पहले दोनों दलों की ओर से पार्षदों को बाड़ाबंदी में रखने और सभी सदस्यों को पार्टी हित में एकजुट होकर मतदान करने के लिए रणनीति बनाई गई है। क्रॉस वोटिंग की आशंका ने दोनों खेमों की चिंता बढ़ा दी है।

दोनों दलों ने अपने पार्षदों की बाड़ेबंदी भी कर रखी है। जानकारी के अनुसार मतदान के दिन आज पार्षदों को एक साथ मतदान स्थल तक लाने की तैयारी है। ऐसे में मतदान शुरू होने से लेकर अंतिम मत पड़ने तक हर गतिविधि पर राजनीतिक दलों की नजर रहेगी।



बैलेट पेपर से होगा मतदान, फिर खुलेगा परिणाम

नगरपालिका अध्यक्ष पद के लिए आज सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। चुनाव में बैलेट पेपर का इस्तेमाल किया जाएगा। यदि सभी निर्वाचित पार्षद निर्धारित समय से पहले मतदान कर देते हैं तो प्रक्रिया पहले भी पूरी हो सकती है। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की जाएगी और इसके साथ ही बिजौलिया नगरपालिका के पहले चेयरपर्सन के नाम पर तस्वीर साफ होगी। रिटर्निंग अधिकारी छोटूलाल शर्मा के अनुसार अध्यक्ष पद के चुनाव की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान दल की नियुक्ति जिला निर्वाचन कार्यालय की ओर से की गई है।

पहली बार नगर पालिका, पहले बोर्ड पर टिकी निगाहें

बिजौलिया में पहली बार नगर पालिका के चुनाव हुए हैं। 25 वार्डों में पार्षदों के निर्वाचन के बाद अब पहले नगरपालिका बोर्ड का गठन होने जा रहा है। ऐसे में अध्यक्ष पद का चुनाव स्थानीय राजनीति के साथ-साथ शहर के आगामी विकास और नगरपालिका की कार्यप्रणाली की दिशा के लिहाज से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

अध्यक्ष पद के बाद 22 सितंबर को उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। यानी अगले दो दिन बिजौलिया नगरपालिका के लिए राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण रहने वाले हैं।

सीने में उठा दर्द, हाईवे किनारे ट्रक रोका... दवा लेने निकले ड्राइवर की मौत



भीलवाड़ा फोकस @ मांडल।

जयपुर-उदयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर रविवार दोपहर अचानक तबीयत बिगड़ने से ट्रक चालक की मौत हो गई। सीने में दर्द की शिकायत होने पर चालक ने नानकपुरा गुरुद्वारे के पास ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया और दवा लेने के लिए मेडिकल स्टोर की ओर जाने लगा। इसी दौरान वह अचानक बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान कुलविंदर सिंह (55) पुत्र भजन सिंह, निवासी फिलोर बुंडाला, जालंधर (पंजाब) के रूप में हुई है। कुलविंदर सिंह पुणे से ट्रक लेकर लुधियाना जा रहा था। रविवार दोपहर नानकपुरा गुरुद्वारे के पास अचानक सीने में दर्द होने पर उसने ट्रक को हाईवे किनारे खड़ा कर दिया।

इसके बाद वह गुरुद्वारे के सामने स्थित पवन मेडिकल से दवा लेने के लिए निकला, लेकिन कुछ ही देर बाद सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने उसे संभाला और घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर एंबुलेंस चालक प्रभु प्रजापत और मेल नर्स सतवीर सिंह मौके पर पहुंचे। गंभीर हालत में चालक को मांडल उप जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

नर्सिंग स्टाफ के अनुसार प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक माना जा रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने शव को मांडल उप जिला अस्पताल की मॉर्चुयरी में रखवाकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

भजन संध्या में गया था बाइक मालिक, लौटकर देखा तो बाइक गायब

पुलिस ने चोरी का खुलासा कर 20 वर्षीय युवक को पकड़ा, शौक-मौज पूरा करने के लिए वारदात करना बताया

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

बड़ौलियास थाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने शौक और मौज पूरा करने के लिए बाइक चोरी करना बताया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कोटड़ी थाना क्षेत्र के सालरिया निवासी बबलू (20) पुत्र मोहनलाल बेरवा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर भेजा गया।

भजन संध्या में गया, वापस आया तो बाइक गायब

थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि बनकाखेड़ा निवासी गोपाल लाल जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 16 सितंबर की रात बनकाखेड़ा में आयोजित देवनारायण की भजन संध्या में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे कार्यक्रम से वापस लौटा तो मौके से उसकी बाइक गायब मिली। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



पूछताछ में सामने आया चोरी का मामला

अनुसंधान के दौरान पुलिस ने सालरिया निवासी बबलू बेरवा को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार पूछताछ में उसने बाइक चोरी करने की बात स्वीकार की और बताया कि उसने अपने शौक व मौज-मस्ती के लिए बाइक चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद कर ली।

दो दिन के रिमांड पर आरोपी

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। पुलिस आरोपी से अन्य वारदातों और चोरी के संबंध में पूछताछ कर रही है।

एलपीजी से डीपीएनजी कनेक्शन की ओर बढ़ेगा राजस्थान

राज्य सरकार का फोकस डीपीएनजी विस्तार पर, आरएसजीएल ने तीन माह में 4500 परिवारों को जोड़ा

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।

केंद्र और राज्य सरकार का फोकस एलपीजी कनेक्शनों को डीपीएनजी (डोमेस्टिक पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शनों में शिफ्ट करने पर है। इसके लिए राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड (आरएसजीएल) सहित सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) संस्थाओं द्वारा आधारभूत ढांचे का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। विस्तारित क्षेत्रों में घरेलू कनेक्शनों के साथ औद्योगिक और व्यावसायिक कनेक्शन प्राथमिकता से जारी करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

आरएसजीएल के 14वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रबंध निदेशक विनय पाटनी ने कहा कि डीपीएनजी हरित और स्वच्छ ऊर्जा का विकल्प होने के साथ सुरक्षित, सहज उपलब्ध और 24 घंटे सातों दिन सेवा सुविधा उपलब्ध कराने वाली व्यवस्था है। उन्होंने आमजन से डीपीएनजी सुविधा से जुड़ने का आग्रह किया।

प्रदेश में 2 लाख परिवार डीपीएनजी से जुड़े

पाटनी ने बताया कि प्रदेश की सीजीडी संस्थाओं द्वारा अब तक करीब 2 लाख परिवारों को डीपीएनजी सेवाओं से जोड़ा जा चुका है। आरएसजीएल ने पिछले तीन माह में ही करीब 4500 नए घरेलू परिवारों को डीपीएनजी कनेक्शन दिए हैं। इसके अलावा 66 व्यावसायिक कनेक्शन भी जारी किए गए हैं।



होटल, हॉस्टल और उद्योगों पर भी फोकस

आरएसजीएल के उप महाप्रबंधक सीपी चौधरी और विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि घरेलू कनेक्शनों के साथ हॉस्टल, होटल, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और औद्योगिक इकाइयों को डीपीएनजी से जोड़ने के लिए प्राथमिकता से आधारभूत संरचना विकसित की जा रही है। जहां नेटवर्क उपलब्ध है, वहां कनेक्शन जारी करने की प्रक्रिया को गति दी जा रही है। कार्यक्रम में आरएसजीएल के मुख्य वित्त अधिकारी दीसांशु पारीक, उप प्रबंधक आईटी गगनदीप राजोरिया, सीएस विनिता सोनी, मीडिया प्रभारी राजेन्द्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक वर्चुअली शामिल हुए।

तेजा दशमी पर आज से बिजौलिया में पांच दिवसीय मेले में उमड़ेगी भीड़

150 से अधिक दुकानें, झूले और मनोरंजन के आकर्षण तैयार , तेजाजी मंदिर में विशेष विद्युत सज्जा, निशान लेकर पहुंचेंगे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

तेजा दशमी को लेकर नगर में धार्मिक आस्था और मेले की रौनक चरम पर पहुंचने लगी है। आज से शुरू होने वाले पांच दिवसीय मेले को लेकर रोडवेज बस स्टैंड से पथिक क्लब तक मेला परिसर में 150 से अधिक दुकानें सजाई गई हैं। वहीं बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और आकर्षण भी तैयार हैं। दूसरी ओर तेजाजी चौक स्थित मंदिर को विशेष विद्युत रोशनी से सजाया गया है, जहां तेजा दशमी पर श्रद्धालु निशान लेकर पहुंचेंगे और तेजाजी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे।



अलगोजों की धुन पर गूंजेगी तेजाजी की भक्ति

तेजा दशमी पर मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल के बीच भक्तों द्वारा अलगोजे बजाकर भक्ति की जाएगी। अलगोजों की पारंपरिक धुनों के साथ तेजाजी महाराज की आराधना होगी। सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की आवाजाही शुरू होने की उम्मीद है और दिनभर धार्मिक गतिविधियों का दौर चलेगा।



देर रात तक चलेगी झंडी चढ़ाने की रस्म

तेजा दशमी का एक प्रमुख आकर्षण तेजाजी महाराज को झंडी चढ़ाने की परंपरा भी रहेगी। कस्बे के विभिन्न समाजों की ओर से श्रद्धालु झंडी लेकर मंदिर पहुंचेंगे और विधि-विधान से झंडी चढ़ाने की रस्म निभाएंगे। यह सिलसिला देर रात तक चलने की संभावना है, जिससे तेजाजी चौक और आसपास का क्षेत्र देर रात तक भक्तिमय माहौल में रहेगा।

150 से अधिक दुकानें, खरीदारी के साथ मनोरंजन

मेले में 150 से अधिक दुकानें सजाई गई हैं। खिलौने, क्रॉकरी, बर्तन, लोहे के सामान, घरेलू उपयोग की वस्तुओं सहित विभिन्न प्रकार की दुकानें लोगों के लिए आकर्षण रहेंगी। महिलाओं की खरीदारी के लिए भी कई स्टॉल लगाई हैं।

बच्चों के झूलों की रहेगी धूम

मेले में बच्चों के लिए नाव, छोटे-बड़े झूले, चकरी, जंपिंग, ड्रैगन झूला और मिकी माउस सहित कई आकर्षण लगाए गए हैं।

आज मेले का शुभारंभ

पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ सुबह 9 बजे उपखंड अधिकारी सीएल शर्मा द्वारा फीता काटकर किया जाएगा। नगर के अलावा आसपास के गांवों और कस्बों से भी बड़ी संख्या में लोगों के मेले में पहुंचने की उम्मीद है।

42 टीमों के 450 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे नेटबॉल में दम

70वीं जिला स्तरीय अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्र-छात्रा नेटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 70वीं जिला स्तरीय अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्र-छात्रा नेटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापूनगर में हुआ। चार दिवसीय प्रतियोगिता में जिले की विभिन्न टीमों के 450 से अधिक खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 42 टीमों की भागीदारी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार गग्गड़ रहे, जबकि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र सुथार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विभागीय प्रतिनिधि भैरूलाल जाट, तकनीकी सलाहकार रघुवीर कुमावत एवं पूनम जीनगर भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं आयोजन सचिव का दायित्व विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने निभाया। आयोजन सचिव सुनीता नानकानी ने बताया कि प्रतियोगिता में 42 टीमों के 450 से अधिक छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था विद्यालय छात्रावास, स्थानीय विद्यालय तथा राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बापूनगर में की गई है। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले विद्यालय के दो खेल मैदानों पर चार दिनों तक खेले जाएंगे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार गग्गड़ ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि भीलवाड़ा जिला नेटबॉल के क्षेत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के खेल प्रकोष्ठ से रोशन देवपुरा, स्थानीय विद्यालय की एसडीएमसी सदस्य एवं भामाशाह सुमित्रा वैष्णव, हंसा पारीक, लव कुमार जोशी एवं सुनीता स्वर्णकार सहित विद्यालय स्टाफ और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता जोशी एवं राधेश्याम रेगर ने किया।

कवि नवीन जैन नव ने रेडियो मधुवन पर किया काव्य पाठ

काव्य क्षेत्र में उपलब्धि, प्रतिनिधि रचनाओं का किया वाचन



भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।

स्थानीय कवि नवीन जैन 'नव' ने काव्य क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए ब्रह्माकुमारीज शांतिवन कॉम्प्लेक्स, आबू रोड, सिरोही स्थित रेडियो मधुवन 107.8 एफएम पर काव्य पाठ किया।

आरजे रमेश के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में नवीन जैन 'नव' ने अपनी प्रतिनिधि रचनाओं का वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान उनकी कविताओं के माध्यम से साहित्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों को प्रस्तुत किया गया।

रेडियो मधुवन भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त सामुदायिक रेडियो स्टेशन है। कार्यक्रम का प्रसारण रेडियो माध्यम से किया जाएगा। कवि के काव्य पाठ को लेकर क्षेत्र के साहित्य प्रेमियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

आकोला में तेजा दशमी पर मेला आज

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला।

जसवंत पारीक

कस्बे में बनास नदी किनारे स्थित तेजा स्थानक पर दशमी के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में आसपास के खजीना, होलीरडा, सोपुरा गांवों के ग्रामीण डीजे के साथ तेजाजी की झंडी लेकर आयेंगे ओर स्थानक पर चढ़ाएंगे। वहीं ग्रामीण मेले में खरीदारी करेंगे।

महुआ से मानपुरा तक बनेगी 5 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क

डीएमएफटी मद से करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण, शिलान्यास के साथ कार्य शुरू





भीलवाड़ा फोकस @ महुआ

महुआ से मानपुरा तक करीब 5 किलोमीटर लंबी सीसी सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को महुआ बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया। सड़क का निर्माण डीएमएफटी मद से करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित है। शिलान्यास कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि अध्यक्षता महुआ मंडल अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा ने की।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्थानीय पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत की गई। लंबे समय से प्रस्तावित इस सड़क के निर्माण से महुआ, मानपुरा सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद है।

कार्यक्रम में विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी और ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने की बात कही। ग्रामीणों ने बताया कि महुआ से मानपुरा के बीच सीसी सड़क की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। सड़क बनने के बाद क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ आसपास के गांवों की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में गोवर्धन वैष्णव, सत्यनारायण मेवाड़ा, रणवीर सिंह, विष्णु कुमार शर्मा, कैलाश सुखवाल, कुलदीप सिंह शक्तावत, संदीप सोनी, पंचायत समिति सदस्य जयराम गुर्जर, शंकर नाथ योगी, श्यामपुरा सरपंच भगवान सिंह शक्तावत, महुआ सरपंच कमला देवी, मानपुरा सरपंच चंदा देवी प्रजापत, सिंगोली सरपंच राकेश आर्य, राकेश गर्ग, कैलाश चंद्र तेली, गुलाबचंद सेठिया, जितेंद्र कुमार प्रजापत, बनवारी लाल धाकड़, ओमप्रकाश खटीक, चैतन्य राठौड़, चेनसुख जैन सहित ग्रामीण एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

हनीट्रैप व ब्लैकमेलिंग मामले में तीन गिरफ्तार

सोशल मीडिया पर दोस्ती के बाद होटल बुलाने का आरोप; मारपीट, अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने और 1.30 लाख रुपए ट्रांसफर कराने का मामला

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।

सांवर वैष्णव। बड़लियास थाना पुलिस ने हनीट्रैप और ब्लैकमेलिंग के मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों पर सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर युवकों को होटल बुलाने, वहां मारपीट करने, आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने तथा रुपए व अन्य सामान हड़पने का आरोप है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन जब्त कर मामले में आगे अनुसंधान शुरू किया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

होटल बुलाकर वारदात का आरोप

पुलिस के अनुसार 16 सितंबर को एक अध्यापक ने थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के मुताबिक उसके दोस्त की इंस्टाग्राम पर बेबी निवासी बोर्डियास नाम की युवती से दोस्ती हुई थी। 13 सितंबर की शाम करीब 8 बजे युवती ने मिलने के लिए जोगणिया होटल, बनकाखेड़ा बुलाया। दोस्त के साथ शिकायतकर्ता भी ब्रेजा कार से होटल पहुंचा। पुलिस के अनुसार होटल के बेसमेंट स्थित कमरे में पहुंचने के कुछ देर बाद युवती और उसके साथ आई एक अन्य युवती ने दोनों के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकतें शुरू कीं। इसके कुछ देर बाद 5-6 युवक और एक अन्य युवती कमरे में आए और दोनों के साथ मारपीट व गाली-गलौज की।

वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप

रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों ने दोनों के कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाए और उन्हें वायरल करने तथा दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर 4 लाख रुपए की मांग की। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने मौके पर ही PhonePe/QR के जरिए कथित तौर पर 80 हजार और 50 हजार रुपए, कुल 1.30 लाख रुपए ट्रांसफर करवाए। इसके अलावा हस्ताक्षरयुक्त एसबीआई का ब्लैंक चेक, ब्रेजा कार और मोबाइल फोन लेने तथा करीब चार घंटे तक होटल में रोके रखने का भी आरोप है।

तीन आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश

मामले में पुलिस ने विकास जाट (34) निवासी मंशा, थाना कोटड़ी, संजय गाडरी (31) निवासी फतेहगढ़, थाना कोटड़ी और फौजीनाथ उर्फ बबलू नाथ (23) निवासी गाडरी खेड़ा, थाना कोटड़ी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज हैं। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मामले में थाना बड़लियास ने मामला दर्ज किया गया है। अनुसंधान योगेश शर्मा, आरपीएस, वृत्ताधिकारी मांडलगढ़ द्वारा किया जा रहा है।

कार्रवाई में वृत्ताधिकारी योगेश शर्मा, थानाधिकारी जसवंत सिंह, एएसआई गोपाल सिंह एवं महेंद्र खोजी, दीवान सोराज तथा कांस्टेबल राजेंद्र कुमार, मुकेश कुमार और नरेश कुमार सहित पुलिस टीम शामिल रही।

भीलवाड़ा में 23 को गूंजेंगे भैरूजी के भजन, होगी विशाल भजन संध्या

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नवकार मित्र मंडल, भीलवाड़ा की ओर से 23 सितंबर को शहर में 'एक शाम श्री टोंडगढ़ कला गोरा भैरूजी के नाम' विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कोटा रोड स्थित यश विहार, अहिंसा सर्किल पर होने वाले इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु भैरूजी के भजनों पर भक्तिरस में डूबेंगे। आयोजक समिति के पवन बोहरा व देवेंद्र डूंगरवाल ने बताया की श्री काल भेरव मुख्य उपासक विद्यासागर पंडियार (गुरुदेव), श्री नाकोडा उपासक कपिल पंडियार एवं श्री देवनारायण उपासक रतनलाल सेन के सानिध्य में भजन संध्या शाम 7.15 बजे से प्रभु इच्छा तक आयोजित होगी। भजन संध्या का उद्देश्य श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिक वातावरण से जोड़ना है। आयोजन में बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी लोगों के पहुंचने की संभावना है। भजन संध्या कार्यक्रम में राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक सोनू सिसोदिया, (पाली) और प्रेम शंकर जाट, (भीलवाड़ा) अपनी प्रस्तुतियां देंगे। भजन संध्या में भैरूजी के भजनों के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी माहौल रहेगा। आयोजन को लेकर नवकार मित्र मंडल की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने सहित अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

आयोजक समिति के पवन सिंघवी व सुष्मित देरासरिया ने बताया की आयोजन को लेकर प्रकाश पितलिया, दिनेश गांधी, सुरेंद्र सांखला, संजय रांका, नरेंद्र चौधरी सहित नवकार मित्र मंडल के कई सदस्य व कार्यकर्ता सहयोग कर रहे हैं।

70वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता शुरू

17 एवं 19 आयु वर्ग में 178 खिलाड़ी ले रहे भाग, 23 सितंबर को होगा फाइनल

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।



महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, नई आबादी के तत्वावधान में 17 एवं 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं की 70वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को हुआ। चार दिवसीय प्रतियोगिता के मुकाबले शुरू हो गए हैं और 23 सितंबर को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि मांडलगढ़ सीबीईओ कल्पना शर्मा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है, लेकिन खिलाड़ियों को खेल भावना और ईमानदारी के साथ प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों से निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास करते हुए विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमंत मेहता ने आयोजन की व्यवस्थाओं का दायित्व संभालते हुए अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। विभागीय प्रतिनिधि एवं बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश वर्मा ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अनुशासन की शपथ दिलाई गई।

प्रतियोगिता में 178 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भीलवाड़ा, बरन, गुलाबपुरा, काछोला सहित विभिन्न स्थानों से विद्यार्थी प्रतियोगिता में शामिल हुए हैं। खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था निजी विद्यालयों में की गई है।

भोजन व्यवस्था प्रभारी शिक्षक गोविंद पारीक ने बताया कि आयोजक विद्यालय की ओर से भामाशाहों के सहयोग से खिलाड़ियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम में स्थानीय थाना प्रतिनिधि एएसआई सत्यनारायण वैष्णव, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, शिक्षकगण, टीम प्रभारी एवं खिलाड़ी मौजूद रहे।

नशामुक्ति की शपथ लेकर स्वस्थ जीवन का लिया संकल्प



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भारत सरकार के नशामुक्त भारत अभियान के तहत आरम्भ सेवा संस्थान एवं अध्यात्म विज्ञान सत्संग केंद्र, जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान में उपचाररत सभी भाइयों एवं स्टाफ सदस्यों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। सभी ने स्वयं नशे से दूर रहने के साथ समाज को नशामुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में अध्यात्म विज्ञान सत्संग केंद्र, जोधपुर के प्रतिनिधियों ने गुरुदेव रामलाल सियाग के सिद्धयोग दर्शन एवं उसके आध्यात्मिक पक्ष की जानकारी दी। वक्ताओं ने सकारात्मक सोच, आत्मसंयम और आध्यात्मिक चेतना को बेहतर जीवन का आधार बताते हुए नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपचाररत भाइयों ने नशे को जीवन से दूर रखने तथा स्वस्थ, सकारात्मक और नशामुक्त भविष्य की ओर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। आयोजन का उद्देश्य नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ आत्मविश्वास, आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम में रामलाल मालव, चेतना राठी, कर्ण शर्मा, आयुष, रविकांत सुथार एवं राजू जांगिड़ सहित आरम्भ सेवा संस्थान के अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, सुमित शर्मा, राकेश नायक, करण सिंह, अब्दुल पठान एवं अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

श्री श्रीचंद्र जी के 532वें प्राकट्य उत्सव पर गूंजे जयकारे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



भीलवाड़ा। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में रविवार को जगद्गुरु श्री श्रीचंद्र जी के 532वें प्राकट्य उत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आयोजित किए गए। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में हुए आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आश्रम परिसर दिनभर धार्मिक गतिविधियों और भक्ति जयकारों से भक्तिमय बना रहा।

महोत्सव के तहत शाम को विधिवत रूप से श्री श्रीचंद्र जी का अभिषेक किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा, श्री चंद्र चालीसा एवं हरि चालीसा का पाठ किया। मात्रा शास्त्र पाठ और सत्संग का भी आयोजन हुआ। भगवान गणेश का पूजन कर आरती की गई।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज ने प्रवचन में श्री श्रीचंद्र जी के जीवन और सनातन परंपरा में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में औरंगजेब के शासनकाल तथा धर्म परिवर्तन से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख करते हुए श्री श्रीचंद्र जी के शिष्य सुथरे शाह से संबंधित प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की परंपराओं और धार्मिक मूल्यों की रक्षा के लिए संतों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान आश्रम परिसर में भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री श्रीचंद्र जी के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। कार्यक्रम के समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



QUICK BITES

काछोला में किसान चौपाल, एमएसपी पर खरीद की दी जानकारी

मूंग, उड़द और सोयाबीन की सरकारी खरीद व्यवस्था से किसानों को कराया अवगत

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।



खरीफ सीजन 2026-27 में दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने और किसानों को सरकारी खरीद व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) जयपुर शाखा की ओर से किसान चौपाल आयोजित की गई। इसमें किसानों को मूंग, उड़द एवं सोयाबीन की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद से संबंधित जानकारी दी गई।

एनसीसीएफ जयपुर शाखा के विनोद गठाला ने किसानों से संवाद करते हुए बताया कि निर्धारित व्यवस्था के तहत मूंग, उड़द और सोयाबीन की खरीद एमएसपी पर की जाएगी। उन्होंने किसानों से नजदीकी सरकारी खरीद केंद्रों की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपनी उपज बेचने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि नजदीकी खरीद केंद्रों पर उपज बेचने की सुविधा मिलने से किसानों को दूर के बाजारों तक परिवहन करने की आवश्यकता कम होगी। इससे समय एवं परिवहन खर्च की बचत के साथ निर्धारित समर्थन मूल्य पर उपज बेचने का अवसर मिलेगा।

ग्राम सेवा सहकारी समिति के व्यवस्थापक शंकरलाल सुथार ने कहा कि सरकारी खरीद व्यवस्था किसानों को उचित मूल्य उपलब्ध कराने और दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। उन्होंने किसानों से योजना की जानकारी लेकर इसका लाभ उठाने की अपील की।

घोषित एमएसपी

- मूंग -8,780 रुपए प्रति क्विंटल
- उड़द - 8,200 रुपए प्रति क्विंटल
- सोयाबीन - 5,708 रुपए प्रति क्विंटल है।

किसान चौपाल में ग्राम सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष लादूलाल धाकड़, संचालक राजेंद्र सिंह सोलंकी सहित समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व श्रद्धा से मनाया

पांचवें दिन उत्तम सत्य धर्म की आराधना, सोमवार को मनाई जाएगी सुगंध दशमी

भीलवाड़ा फोकस @ सलावटिया



विकास जैन। चांदजी की खेड़ी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। महापर्व के पांचवें दिन रविवार को उत्तम सत्य धर्म की आराधना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अभिषेक, शांतिधारा एवं विभिन्न पूजन कार्यक्रमों में भाग लिया। समाज के वीरेंद्र पहाड़िया ने बताया कि मंदिर में प्रतिदिन अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा-अर्चना की जा रही है। रविवार को शांतिधारा मनोहरलाल, दीपक कुमार एवं प्रदीप कुमार पाटनी परिवार की ओर से की गई। पूजन में पंचमेरु, सोलहकारण एवं दशलक्षण धर्म सहित विभिन्न पूजाएं संपन्न हुईं। सायंकाल 48 दीपकों से भक्तामर महाआरती की गई। इसके बाद हुए शास्त्र वाचन में उत्तम सत्य धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बताया गया कि सत्य का अर्थ केवल सत्य बोलना ही नहीं, बल्कि सत्य को समझना और स्वीकार करना भी है। जिस पदार्थ का जो मूल स्वरूप है, उसे उसी रूप में स्वीकार करना तथा आत्मस्वरूप में सत्य को धारण करना ही उत्तम सत्य धर्म है।

आज मनाई जाएगी सुगंध दशमी

पर्युषण महापर्व के तहत सोमवार को दोपहर 3 बजे मंदिर में धूप खेकर सुगंध दशमी मनाई जाएगी। आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह है।



कल शाहपुरा में सजेगा आस्था का शाही दरबार

जलझूलनी एकादशी पर ठाकुरजी के बेवाणों की भव्य शोभायात्रा, उज्जैन का गणेश बैंड, बालिका अखाड़ा और जीवंत झांकियां रहेंगी आकर्षण

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।

मूलचन्द पेसवानी। जलझूलनी एकादशी के अवसर पर 22 सितंबर को शाहपुरा में ठाकुरजी के बेवाणों की भव्य सामूहिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रीचारभुजानाथ भक्त मंडल के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक महोत्सव को इस बार शाही स्वरूप दिया जा रहा है। नगर के विभिन्न मंदिरों से ठाकुरजी सजे-धजे बेवाणों में विराजित होकर शोभायात्रा में शामिल होंगे और पिवणियां तालाब पर जलविहार करेंगे।

शोभायात्रा के लिए नगर के मंदिरों और मार्गों को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से सजाया जा रहा है। नगर पालिका की ओर से मार्ग की साफ-सफाई भी कराई जा रही है। दोपहर तक विभिन्न मंदिरों के बेवाण महलों के चौक में एकत्र होंगे और अपराह्न 3 बजे शाही लवाजमे के साथ शोभायात्रा रवाना होगी।

उज्जैन का गणेश बैंड और बालिका अखाड़ा रहेगा खास आकर्षण

शोभायात्रा में ढोल-नगाड़े, शंख, शहनाई और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ उज्जैन का प्रसिद्ध गणेश बैंड विशेष प्रस्तुति देगा। वहीं बालिकाओं का अखाड़ा भी अपनी कला एवं पारंपरिक कौशल का प्रदर्शन करेगा।

शोभायात्रा में कान तारा, वराह अवतार, हाइड्रोलिक गणेश भगवान और श्मशान रथ-भूत यात्रा सहित विभिन्न आकर्षक झांकियां शामिल रहेंगी। डमरू नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजन का हिस्सा रहेंगी।

त्रिमूर्ति चौराहे पर जीवंत झांकियां

आयोजन में पहली बार त्रिमूर्ति चौराहे पर जीवंत झांकियों का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए करीब 12म15 फीट का मंच तैयार किया जा रहा है। यहां वराह अवतार और सौमुखी कालिका की जीवंत झांकियां प्रस्तुत होंगी। शोभायात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं की ओर से बेवाणों पर पुष्पवर्षा की जाएगी तथा इलेक्ट्रिक फव्वारों से इत्र का छिड़काव भी किया जाएगा।

पिवणियां तालाब पर जलविहार और महाआरती

शोभायात्रा महलों के चौक से सदर बाजार और त्रिमूर्ति चौराहा होते हुए पिवणियां तालाब पहुंचेगी। यहां धार्मिक विधि-विधान के साथ ठाकुरजी के बेवाणों का जलविहार कराया जाएगा। इसके बाद सामूहिक महाआरती होगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

बगरू टापू से आतिशबाजी

महाआरती के दौरान पिवणियां तालाब के मध्य स्थित बगरू टापू से नगर पालिका एवं श्रीचारभुजानाथ भक्त मंडल के सहयोग से आतिशबाजी की जाएगी। आतिशबाजी के बाद ठाकुरजी के बेवाण अपने-अपने मंदिरों की ओर लौटेंगे।

जलझूलनी एकादशी का यह आयोजन शाहपुरा की धार्मिक परंपरा के साथ लोक संस्कृति और सामाजिक सहभागिता का भी प्रमुख पर्व है। शोभायात्रा में नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।


42 टीमों के 450 से ज्यादा खिलाड़ी उतरेंगे मैदान में, चार दिन चलेगी जिला स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता

70वीं जिला स्तरीय अंडर-17 व अंडर-19 नेटबॉल प्रतियोगिता का आगाज, खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन का आह्वान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी





खेल मैदान पर खिलाड़ियों के जोश और उत्साह के बीच रविवार को पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर में 70वीं जिला स्तरीय अंडर-17 एवं अंडर-19 छात्र-छात्रा नेटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में जिलेभर की 42 टीमों के 450 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार गग्गड़ रहे। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी कैलाश चन्द्र सुथार विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विभागीय प्रतिनिधि भैरूलाल जाट, तकनीकी सलाहकार रघुवीर सिंह कुमावत व पूनम जीनगर भी मंचासीन रहे। आयोजन की अध्यक्षता एवं आयोजन सचिव की जिम्मेदारी विद्यालय की प्रधानाचार्य सुनीता नानकानी ने संभाली।

चार दिन मैदान पर दिखेगा खिलाड़ियों का दम

आयोजन सचिव सुनीता नानकानी ने बताया कि चार दिवसीय प्रतियोगिता में अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग के छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले विद्यालय के दोनों खेल मैदानों पर आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बाहर से पहुंचे खिलाड़ियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था विद्यालय छात्रावास, स्थानीय विद्यालय तथा राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय बापू नगर में की गई है।

गग्गड़ बोले- खेल भावना से करें प्रदर्शन

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार गग्गड़ ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि भीलवाड़ा जिला नेटबॉल के क्षेत्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करता रहा है। खिलाड़ियों को इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पूरी मेहनत और अनुशासन के साथ मैदान में उतरना चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल भावना और ईमानदारी के साथ खेलने तथा अपने विद्यालय और जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के खेल प्रकोष्ठ के रोशन देवपुरा सहित स्थानीय विद्यालय की एसडीएमसी सदस्य एवं भामाशाह सुमित्रा वैष्णव, हंसा पारीक, लव कुमार जोशी और सुनीता स्वर्णकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनीता जोशी एवं राधेश्याम रेगर ने किया।

रघुपति राघव राजा राम... की धुन पर थिरके श्रद्धालु

अखण्ड 24 घंटे की रामधूनी में गूंजे भक्ति के जयकारे

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर।



कस्बे के मैलोनी मोहल्ले स्थित चारभुजा मंदिर प्रांगण में जलझूलनी एकादशी के अवसर पर नवयुवक मंडल की ओर से अखण्ड 24 घंटे की रामधूनी का आयोजन किया गया। शनिवार सुबह भगवान चारभुजानाथ की पूजा-अर्चना के साथ रामधूनी का शुभारंभ हुआ। इसके बाद मंदिर परिसर में लगातार 24 घंटे तक श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। रामधूनी के दौरान 'रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम ', 'बाजे मुरली नाचे मोर' और 'भागत के घर नंदकिशोर' सहित विभिन्न भजनों एवं रामधुनों की प्रस्तुतियां दी गईं। भजनों की मधुर धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमे और भगवान के जयकारे लगाए।

इस दौरान चारभुजा मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। रामधूनी में कस्बे सहित से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूरी रात भक्ति के रंग में रंगे नजर आए। रविवार सुबह महाआरती के साथ अखण्ड रामधूनी का समापन हुआ। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया।

सुनीति जैसी मां और ध्रुव जैसा पुत्र हो तो परमात्मा की प्राप्ति संभव : संत मस्तरामजी

रामनिवास धाम में भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण विवेचन, आज मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।



मूलचन्द पेसवानी। रामनिवास धाम की बारादरी में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन संत मस्तरामजी महाराज ने ध्रुव चरित्र का भावपूर्ण विवेचन किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आख्यान नहीं, बल्कि जीवन को संस्कार, भक्ति और सही दिशा देने वाली ज्ञानधारा है। यदि सुनीति जैसी मां और ध्रुव जैसा पुत्र हो तो भक्ति एवं तपस्या के मार्ग पर चलकर परमात्मा की प्राप्ति संभव है।

संत मस्तरामजी ने कहा कि मां ही संतान की पहली गुरु होती है। बाल्यावस्था में मिले संस्कार ही व्यक्ति के जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं। सुनीति ने ध्रुव को सत्य, धर्म और परमात्मा की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी, जिसके परिणामस्वरूप ध्रुव ने अटूट भक्ति और तपस्या के माध्यम से परमात्मा को प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि ध्रुव ने तपस्या पर जाने से पहले अपनी माता की आज्ञा और आशीर्वाद लिया। इससे संदेश मिलता है कि किसी शुभ कार्य की शुरुआत माता-पिता की अनुमति और आशीर्वाद से करने पर आत्मविश्वास एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि आज बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ संस्कार देना भी जरूरी है। माता-पिता के आचरण का बच्चों के व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है और संस्कारित परिवार ही संस्कारित समाज की नींव रखता है।

कथा में ध्रुव की तपस्या और परमात्मा की प्राप्ति के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भावपूर्वक कथा का श्रवण किया।

आज कृष्ण जन्मोत्सव

रामनिवास धाम के कार्यवाहक भंडारी संत नवनिधरामजी महाराज ने बताया कि कथा आयोजन के तहत 21 सितंबर को अपराह्न में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। उन्होंने शाहपुरा सहित आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं रामस्नेही सत्संगीजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ लेने का आह्वान किया।

393 बेटियों ने संभाला बल्ला, 26 टीमों के बीच क्रिकेट का रोमांच

17 वर्ष में 11 और 19 वर्ष में 15 टीमों ने लिया हिस्सा, उद्घाटन मैच में मेजबान टिटोड़ा जागीर ने देवेंता स्कूल को 40 रन से हराया

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

टिटोड़ा जागीर में रविवार को क्रिकेट का रोमांच छाया रहा। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुरू हुई 70वीं जिला स्तरीय 17/19 वर्ष छात्रा क्रिकेट प्रतियोगिता में जिलेभर से पहुंचीं 393 बेटियों ने मैदान संभाला। 17 वर्ष आयु वर्ग में 11 और 19 वर्ष में 15 टीमों सहित कुल 26 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन अवसर पर मैदान में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना।

प्रतियोगिता का उद्घाटन तत्कालीन प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर



उनका उत्साहवर्धन किया। एसीबीईओ अभय सिंह मीणा ने खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

मेजबान ने 40 रन से जीता उद्घाटन मैच

शारीरिक शिक्षक एवं एनआईएस क्रिकेट कोच विकास कुमार कंजर ने बताया कि उद्घाटन मुकाबला मेजबान टिटोड़ा जागीर और देवेंता इंटरनेशनल स्कूल भीलवाड़ा के बीच हुआ। देवेंता ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। टिटोड़ा जागीर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 88 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवेंता की टीम मेजबान गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। टिटोड़ा जागीर ने 40 रन से जीत दर्ज कर प्रतियोगिता का विजयी आगाज किया। प्रधानाचार्य रामलाल रैगर ने अतिथियों व खिलाड़ियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता संयोजक सोजीराम मीणा ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य धर्मचंद मीणा ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य रामेश्वर प्रसाद मीणा, सत्यनारायण शर्मा, सोहन लाल नामा ,रामगोपाल शर्मा, रमेश कास्ट, रामकुंवार मीणा, राकेश खटीक, गणेश मिश्रा, बाबूलाल मीणा सहित ग्रामीण एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

काछोला जीएसएस ने सहकारिता क्षेत्र में बनाई अलग पहचान

पैक्स कंप्यूटरीकरण में जिले में प्रथम स्थान, 500 मीट्रिक टन का गोदाम और कस्टम हायरिंग सेंटर से किसानों को सुविधा

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

ग्राम सेवा सहकारी समिति ने सहकारिता क्षेत्र में विभिन्न सुविधाओं के विस्तार और कंप्यूटरीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। समिति के व्यवस्थापक शंकरलाल सुथार के प्रयासों से पैक्स कंप्यूटरीकरण, अन्न भंडारण, कृषि यंत्र सुविधा और नए किसानों को सहकारिता से जोड़ने की दिशा में कार्य किए गए हैं।

भारत सरकार की पैक्स (PACS) कंप्यूटरीकरण योजना के तहत काछोला ग्राम सेवा सहकारी समिति ने भीलवाड़ा जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसके तहत समिति के कार्यों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।

500 मीट्रिक टन क्षमता का गोदाम

किसानों की उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए काछोला में 500 मीट्रिक टन क्षमता का आधुनिक गोदाम तैयार कराया गया है। इससे समिति की भंडारण क्षमता बढ़ने के साथ किसानों को उपज रखने की सुविधा उपलब्ध हुई है।

कृषि यंत्र किराए पर उपलब्ध

किसानों को आधुनिक कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समिति में कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) शुरू किया गया है। इसके माध्यम से किसान आवश्यकता के अनुसार कृषि यंत्र किराए



पर ले सकते हैं।

300 से अधिक नए किसान जुड़े

समिति के अनुसार 300 से अधिक नए काश्तकारों को सहकारिता से जोड़ा गया है। इससे नए सदस्यों को समिति के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ लेने का अवसर मिला है।

राजगढ़ में 10 लाख रुपए का दुर्घटना क्लेम

समिति की ओर से ग्राम पंचायत राजगढ़ क्षेत्र में एक पात्र प्रार्थी को 10 लाख रुपए का दुर्घटना क्लेम दिलाने की प्रक्रिया में भी सहयोग किया गया। इस पर जीएसएस अध्यक्ष राजगढ़ मुकेश पाराशर ने समिति का आभार जताया।

समिति से जुड़े लोगों के अनुसार कंप्यूटरीकरण, भंडारण सुविधा, कृषि यंत्रों की उपलब्धता और नए किसानों को जोड़ने से क्षेत्र में सहकारिता की गतिविधियों को विस्तार मिला है।

70वीं जिला स्तरीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

माल का खेड़ा में 20 से 23 सितंबर तक होंगे मुकाबले, उद्घाटन मैच में दहिमथा की टीम 4-0 से विजयी





भीलवाड़ा फोकस @ माल का खेड़ा।

सोराज सिंह चौहान। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माल का खेड़ा के तत्वावधान में 70वीं जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को हुआ। माध्यमिक शिक्षा विभाग के वार्षिक खेलकूद कैलेंडर के तहत आयोजित प्रतियोगिता 20 से 23 सितंबर तक चलेगी।

उद्घाटन समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। समारोह में मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहे, जबकि भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता गोवर्धन वैष्णव ने अध्यक्षता की।

मुख्य अतिथि खंडेलवाल ने कहा कि बालिकाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं का फुटबॉल जैसे खेलों में भाग लेना महिला सशक्तीकरण का उदाहरण है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने का आह्वान किया।

उद्घाटन मैच में दहिमथा की जीत

प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दहिमथा और बिजौलिया के आचार्य विद्यासागर विद्या मंदिर के बीच खेला गया। इसमें दहिमथा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-0 से जीत दर्ज की।

26 टीमें ले रही हैं भाग

आयोजन समिति के अनुसार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भीलवाड़ा जिले की 26 टीमें भाग ले रही हैं। 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग में अलग-अलग मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। प्रतियोगिता के लिए निर्णायकों एवं शारीरिक शिक्षकों की टीम नियुक्त की गई है। खिलाड़ियों के आवास, भोजन एवं चिकित्सा की व्यवस्था भी की गई है।

इस अवसर पर रामलाल बलाई, रघुवीर सिंह शक्तावत, शांतिलाल जोशी, सीताराम बलाई, बाबूलाल शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अर्जुन सिंह शक्तावत, उपसरपंच नंद सिंह सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यालय स्टाफ, ग्रामीण एवं भामाशाह मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य बंशीलाल कुम्हार ने अतिथियों, टीम प्रभारियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

जलझूलनी एकादशी को लेकर काछोला में उत्साह

रोशनी से जगमगाया शहर, कल भव्य शोभायात्रा और 'मंच एक, स्वर अनेक' में सजेगी भजन संध्या


भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।

जलझूलनी एकादशी पर्व को लेकर नगर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। पर्व से पहले शहर रोशनी की आकर्षक सजावट से जगमगा उठा है। महाराणा प्रताप सर्किल बस स्टैंड पर की गई विद्युत सजावट राहगीरों और क्षेत्रवासियों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। बाजारों और प्रमुख चौराहों पर भी आकर्षक सजावट की गई है।

श्री चारभुजा संस्थान एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में 22 सितंबर को जलझूलनी एकादशी महोत्सव आयोजित होगा। इस दौरान भव्य शोभायात्रा, धार्मिक झांकियां, भजन कार्यक्रम और महाआरती सहित विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

'मंच एक, स्वर अनेक' में भजनों की प्रस्तुति

महोत्सव के तहत 'मंच एक, स्वर अनेक, बहेगी भजनों की गंगा' कार्यक्रम दोपहर 11:15 बजे से आयोजित होगा। इसमें बेंगू के बबलू राजस्थानी, भीलवाड़ा के ओम वैष्णव, जवानपुरा के राजूलाल धाकड़, उदयपुर की त्रिशा सुथार और जोधपुर की दिव्या वैष्णव



भजनों की प्रस्तुतियां देंगी।

शोभायात्रा में धार्मिक झांकियां

जलझूलनी एकादशी पर निकलने वाली शोभायात्रा में बाहुबली हनुमानजी, सांवरिया सेठ, भैरूनाथजी और माताजी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। भवाई नृत्य की प्रस्तुति भी होगी। फतेहनगर के झांकी कलाकार अंकित बाबू और जादूगर सांवरलाल वैष्णव भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

शाम 7:15 बजे होगी महाआरती

महोत्सव का प्रमुख धार्मिक कार्यक्रम महाआरती शाम 7:15 बजे आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर काछोला में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

QUICK BITES

भारत को जानो प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया ज्ञान कौशल

जूनियर में इंडियन पब्लिक स्कूल और सीनियर में स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल प्रथम

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा





मूलचन्द पेसवानी। भारत विकास परिषद की शाहपुरा शाखा के तत्वावधान में रविवार को आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में तहसील स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने भारत के इतिहास, संस्कृति, परंपराओं, महापुरुषों और राष्ट्रीय विरासत से जुड़े सवालों के जवाब देकर अपनी ज्ञान प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जूनियर वर्ग में 27 और सीनियर वर्ग में 26 टीमों ने भाग लिया।

जूनियर वर्ग में इंडियन पब्लिक स्कूल, शाहपुरा ने प्रथम, स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल, शाहपुरा ने द्वितीय तथा आलोक पब्लिक स्कूल, शाहपुरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सीनियर वर्ग में स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल, शाहपुरा प्रथम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बोरड़ा बावरियान द्वितीय और सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल, शाहपुरा तृतीय रहा।

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न चरणों में विद्यार्थियों से ज्ञानवर्धक एवं रोचक प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ सवालों के जवाब दिए। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश के इतिहास, संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं से परिचित कराने के साथ अध्ययन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जयदेव जोशी ने की। मुख्य अतिथि बालकृष्ण सोमानी एवं विशिष्ट अतिथि कमल कुमार बांगड़ रहे। अतिथियों ने विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए भारतीय संस्कृति एवं विरासत के अध्ययन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

आयोजन में भारत विकास परिषद के सचिव सत्यनारायण सेन, कोषाध्यक्ष कैलाश गोठवाल, द्वारका प्रसाद जोशी, यशपाल पाटनी, जयशंकर पाराशर, राजेंद्र मूंदड़ा, महेश कुमार कोली, राजेंद्र कुमार मूंदड़ा एवं सुरेश वासवानी का सहयोग रहा। संचालन पवन कुमार बांगड़ ने किया।

18 अक्टूबर को होगा प्रांत स्तरीय आयोजन

शाखा अध्यक्ष पवन कुमार बांगड़ ने बताया कि प्रांत स्तरीय 'भारत को जानो' प्रतियोगिता का आयोजन 18 अक्टूबर 2026 को शाहपुरा शाखा की ओर से किया जाएगा। इसमें भीलवाड़ा, राजसमंद, ब्यावर और अजमेर जिलों की विभिन्न शाखाओं से शाखा स्तर पर विजेता दल भाग लेंगे।

सवाईपुर में भरा तेजाजी महाराज का एक दिवसीय मेला, गुंजी लोक-संस्कृति अलगोजा पर तेजा गायन, महिलाओं ने खरीददारी

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर





(सांवर वैष्णव):- कस्बे में तेजाजी चौक में रविवार को एक दिवसीय मेले का आयोजन हुआ, सुबह से ही मेले में लोगों की भीड़ देखी गई, मेले में ग्रामीण अंचल की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की । वही कस्बे व ड़साणिया का खेड़ा गांव में चारभुजानाथ मंदिर से गाजे-बाजे के साथ तेजाजी महाराज की झड़ी शुरू हुई, जो गाजे-बाजे के साथ विभिन्न मार्गो एवं हाईवे से होते हुए दोपहर 12:15 बजे तेजाजी के स्थान पर पहुंची । वहीं दोपहर बाद मेला परवान पर चढ़ने लगा, तो शाम होते होते लोगों की भीड़ बढ़ने लगी । मेले में सवाईपुर सहित सोपुरा जाटों का, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास, रघुनाथपुरा, सबलाजी का खेड़ा, जित्यास, नोहरा, कालिरडिया, कुड़ी, बोर्डियास, बोरखेड़ा, हाथीपुरा, होलिरड़ा, खजीना, खरेड़, अमरतिया कांदा, पिथास आदि कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष व युवक-युवतियां और बच्चे मेले में पहुंचे, महिलाओं व युवतियों ने मेले में घरेलू व जरुरत मद सामानों की जमकर खरीददारी की । वही बच्चे से लेकर बड़े तक सभी ने डॉलर, चकरी व जंपिंग में झूलने के साथ ही बच्चों ने कई प्रकार की झूले व चकरी का आनंद लिया । मेले के साथ ही लोगों ने तेजाजी महाराज को प्रसादी व नारियल चढ़ाई और तेजाजी महाराज से परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की । मेले में पहुंचे युवक-युवतियों ने मेले में आनंद के पल को अपने मोबाइल के कमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर शेयर किया । शाम तक भी मेले में ग्रामीणों की भीड़ रही, हालांकि अन्य वर्षा के मुकाबले इस वर्ष भीड़ कम रही ।।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।